# <u>एआई को कानूनी इंसानी दर्जे की वाद विवाद में पंतनगर विश्वविद्यालय विजयी</u>

पंतनगर। 23 अप्रैल 2025। विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक बार फिर अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। 22 अप्रैल 2025 को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वाद–विवाद प्रतियोगिता 'बैटल ऑफ विट्स' में विश्वविद्यालय की टीम ने चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम की। 'क्या एआई को कानूनी व्यक्तित्व प्रदान किया जाना चाहिए' विषय पर प्रतियोगिता में टीम ने शानदार तर्कशक्ति और वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। स्निग्ध अवस्थी को सर्वश्रेष्ठ वक्ता, अंशु पांडेय रनर–अप पुरस्कार, इशिका को सर्वश्रेष्ठ गैर–मौखिक वक्ता साथ ही, सार्थक जोशी को निर्णायकों द्वारा विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। स्टाफ काउंसलर डा. अमित केसरवानी ने कहा यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के समग्र विकास और संचार कौशल को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों ने डा. अमित केसरवानी और अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन को भी सराहा। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना एवं सभी संकाय सदस्यों ने टीम की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।